दिन–मंगलवार दिनांक– 09/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. कोसी, गंडक, बागमती और महानंदा नदी में उफान के चलते प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गम्भीर हुई। पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण और सुपौल समेत कई जिलों के निचले इलाके जलमग्न।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सरकार का लक्ष्य अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है।

03. सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में दो और आरोपियों को गया और नालंदा से गिरफ्तार किया।

04. और, रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कल होगा मतदान। तीन लाख से अधिक मतदाता ग्यारह उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का करेंगे फैसला।

अब समाचार विस्तार से.........

————————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के चलते कोसी, गंडक, बागमती और महानंदा नदी उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान को पार कर गयी है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर रून्नीसैदपुर और बेनीबाद में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और महानंदा नदी किशनगंज के तैयबपुर, पूर्णियां के ढेंगराघाट और कटिहार के झावा में खतरे के निशान को पार कर गयी है। परमान नदी का जलस्तर भी अररिया में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है।

————————————————————————————

हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बाराज से लगातार पानी छोड़े जाने के बाद पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज और सारण जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। पूर्वी चम्पारण में गंडक के साथ–साथ सिकरहना नदी भी उफान पर है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

पश्चिम चम्पारण से हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज से आज एक लाख साठ हजार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया।

---बाईट---

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि नये इलाकों में कोसी नदी का पानी तेजी से फैल रहा है।

---बाईट---

गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया कि गोपालगंज सदर और मांझा प्रखंड क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। सदर प्रखंड के रामनगर, जागीरी टोला और मलाही टोला भी बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। सारण जिले में गंडक नदी के उफान के कारण कई निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। एक रिपोर्ट-

---बाईट-----

समस्तीपुर में बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। ब्यौरे के साथ है हमारे संवाददाता-

---बाईट-----

दरभंगा, मधुबनी और कटिहार जिले के कई प्रखंड भी आंशिक रूप से बाढ़ की चपेट में है। मधेपुरा के आलमनगर और चौसा प्रखंड के निचले इलाकों में भी कोसी नदी का पानी फैलने लगा है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां कमजोर पड़ गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक राज्य में दो सौ अड़तीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से नौ प्रतिशत कम है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार और सीवान जिले के कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हुई है। किशनगंज के तैयबपुर में सबसे अधिक चौरासी दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों में राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट————

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में रोहतास जिले में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। बक्सर में वज्रपात से दो पशुओं की मौत हो गयी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाना है। मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तीसरी बार सरकार गठन के बाद प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ यह उनकी पहली बातचीत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे तीन गुना ज्यादा ताकत के साथ काम करेंगे।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व को डिजिटल लेन—देन का सबसे भरोसेमंद मॉडल उपलब्ध करा रहा है और सामाजिक क्षेत्र की श्रेष्ठ नीतियों से नागरिकों का सशक्तिकरण कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्ष में देश में जिस गति से विकास हुआ है उसे देखकर पूरी दुनिया अचंभित है।

———बाईट———

———————————————————————————

सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने नालंदा से सन्नी कुमार और गया से रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सन्नी नीट परीक्षा में शामिल हुआ था जबकि रंजीत कुमार एक अन्य परीक्षार्थी के पिता हैं। पेपर लीक मामले में इन दोनों की संलिप्तता पाये जाने के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में पूर्व सांसद वृषिण पटेल के खिलाफ वारंट जारी किया है। पीड़िता ने पिछले वर्ष नवम्बर महीने में पॉक्सो अदालत में शिकायत दर्ज करायी थी। आरोप है कि वृषिण पटेल ने नौकरी दिलाने के नाम पर पीड़िता के साथ दो वर्ष तक दुष्कर्म किया।

———————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। उपचुनाव में कुल ग्यारह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए उम्मीदवार जदयू के कलाधर

प्रसाद मंडल और महागठबंधन की ओर से राजद उम्मीदवार बीमा भारती के बीच माना जा रहा है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट –––

————————————————————————

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी मनीष वर्मा जदयू में शामिल हो गये हैं। आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। मनीष वर्मा पूर्णियां और पटना के जिलाधिकारी रह चुके हैं। वर्ष दो हजार बाईस में वे ऐच्छिक सेवानिवृति लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सलाहकार बने थे।

————————————————————————

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने पुलिस सब इंस्पेक्टर पद के लिए हुई परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। एक हजार दो सौ पचहत्तर उम्मीदवार सफल घोषित किये गये हैं। इसमें आठ सौ बाईस पुरूष, चार सौ पचास महिला और तीन ट्रांसजेंडर उम्मीदवार शामिल है।

————————————————————————

बेगूसराय के बिहट स्थित रतन चौक के पास आज सुबह ऑटो रिक्शा और कार के बीच हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, नालंदा जिले के वेन थाना क्षेत्र अन्तर्गत पेठना टोल प्लाजा के पास खड़ी एक ट्रक में बालू भरे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. कोसी, गंडक, बागमती और महानंदा नदी में उफान के चलते प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गम्भीर हुई। पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण और सुपौल समेत कई जिलों के निचले इलाके जलमग्न।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सरकार का लक्ष्य अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है।

03. सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में दो और आरोपियों को गया और नालंदा से गिरफ्तार किया।

04. और, रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कल होगा मतदान। तीन लाख से अधिक मतदाता ग्यारह उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का करेंगे फैसला।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।